राज्यपाल सचिवालय
राजभवन , जयपुर

‘राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट’

माउंट आबू, 26 जून। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से आज यहां राजभवन में राजस्थान विधान सभा के पूर्व उप मुख्य सचेतक श्री रतन देवासी, पर्यावरणविद् डॉ. अरूण शर्मा और गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा के कुलपति डॉ. इन्द्र वर्धन त्रिवेदी ने मुलाकात की।

राज्यपाल से इन सबकी यह शिष्टाचा र भेंट थी। राज्यपाल को शनिवार को पर्यावरणविद् डॉ. अरुण शर्मा ने जहां अपनी लिखी पुस्तकें भेंट की वहीं माउंट आबू के इतिहास और यहां के पर्यावरण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कुलपति डॉ. त्रिवेदी ने उन्हें जनजातीय विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थी हित में प्रारंभ किए गए पाठ्यक्रमों के बारे में अवगत कराया।

————